UNIVERSITY OF CALICUT

UNIVERSITY OF CALICUT

SCHOOL OF DISTANCE EDUCATION

Study materials

B.A HINDI

I Semester

Complimentory Course In Hindi

HISTORY OF HINDI LITERATURE

Prepared by
Dr. E.M. Anna Salley
Associate Professor
Department of Hindi
Malabar Christian College
Kozhikode. 673001

©
Reserved

विषयक्रम

UNIT 1	-	हिन्दी साहित्य का काल विभाजन और नामकरण
UNIT 2	-	आदिकाल
UNIT 3	-	भक्तिकाल और सन्त काव्य परंपरा
UNIT 4	-	हिन्दी सूफी काव्य या प्रेमाख्यानक काव्य
UNIT 5	-	सगुण भक्ति काव्य और रामभक्ति शाखा
UNIT 6	-	सगुणभक्ति काव्य – कृष्ण भक्ति शाखा।
UNIT 7	-	रीतिकाल
UNIT 8	-	आधुनिक काल- गद्यकाल
UNIT 9	-	निबन्ध
UNIT 10	-	आलोचना
UNIT 11	-	हिन्दी उपन्यास का विकास
UNIT 12	-	हिन्दी नाटक का विकास
UNIT 13	-	हिन्दी कहानी का विकास
UNIT 14	-	हिन्दी एकांकी का विकास
UNIT 15	-	गद्य साहित्य की अन्य विधाएँ – जीवनी साहित्य
UNIT 16	-	आत्मकथा
UNIT 17	-	संस्मरण और रेखाचित्र
UNIT 18	-	यात्रावृत्त
UNIT 19	-	गद्यकाव्य
UNIT 20	-	रिपोर्ताज
UNIT 21	-	इंटर्व्यू-साहित्य
UNIT 22	-	आधुनिक हिन्दी कविता का विकास
UNIT 23	-	द्विवेदी युगीन काव्य
UNIT 24	-	छायावाद युग
UNIT 25	-	प्रगतिवाद
UNIT 26	-	प्रयोगवाद और नयी कविता
UNIT 27	-	साठोत्तरी कविता
UNIT 28	-	समकालीन हिन्दी कविता
UNIT 29	-	हिन्दी साहित्य को केरल की देन

UNIT 1

हिन्दी साहित्य का काल विभाजन और नामकरण

1. **हिन्दी साहित्य का काल विभाजन ग्रियर्सन ने किस प्रकार किया है और उसकी क्या कमी थी?**

   ग्रियर्सन ने हिन्दी साहित्य को ग्यारह काल खण्डों में विभक्त किया है

   1) **चारण काल** 700 – 1300**ई**
   2) 15**वीं शताब्दी का पुनर्जागरण**
   3) **ब्रज का कृष्ण संप्रदाय**
   4) **मुगल दरबार**
   5) **तुलसीदास**
   6) **रीतिकाव्य**
   7) **तुलसीदास के अन्य परवर्ती कवि**
   8) 18**वीं शताब्दी**
   9) **कंपनी के शासन में हिन्दुस्तान**
   10) **महारानी विक्टोरिया के शासन में हिन्दुस्तान**

इस विभाजन में युग विशेष के सूचक कम है। कालक्रम का प्रवाह इसमें अविच्छिन्न रूप से नहीं चलता। पूरी चौदहवीं शती को इतिहास से निकाल दिया गया है। कालों के नामकरण में भी समान मानदण्डों को नहीं अपनाया गया है।

2. **मिश्रबन्धुओं ने कालविभाजन किस प्रकार किया है?**

1) **प्रारंभिक काल**	-	**पूर्वारंभिक काल** 700 – 1343**वि.सं**
		उत्तरारंभिक काल 1344 - 1444**वि.सं**
2) **माध्यमिक काल**	-	**पूर्व माध्यमिक काल** 1445 - 1560 **वि.सं**
		प्रौढ़ माध्यमिक काल 1561 -1680 **वि.सं**
3) **अलंकृत काल**	-	**पूर्वालंकृत काल** – 1681 - 1790 **वि.सं**
		अलंकृत काल – 1791 – 1889 **वि.सं**
4) **परिवर्तन काल**	-	1890 - 1925 **वि.सं**
5) **वर्तमान काल**	-	1926 **से अबतक**

3. **आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का कालविभाजन किस प्रकार है?**

   1) **आदिकाल** – **वीरगाथाकाल** – 1050 - 1375**वि.सं**
   2) **पूर्व मध्यकाल** – **भक्तिकाल** – 1375 - 1700**वि.सं**
   3) **उत्तर मध्यकाल** – **रीतिकाल** – 1700 - 1900**वि.सं**
   4) **आधुनिक काल** – **गद्यकाल** – 1900 **से अबतक**

4. **डॉ. रामकुमार वर्मा का कालविभाजन किस प्रकार है**?
   a. **संधिकाल** – 750 -1000**वि**
   b. **चारणकाल** – 1000 – 1375**वि**
   c. **भक्तिकाल** – 1375 – 1700**वि**
   d. **रीतिकाल** - 1700 – 1900**वि**
   e. **आधुनिककाल** - 1900 **से अबतक**
5. **डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त का कालविभाजन किस प्रकार है**?
   a. **आदिकाल** – **सन्** 1184 – 1350**ई**
   b. **पूर्व मध्यकाल** – **सन्**1350 – 1600**ई**
   c. **उत्तर मध्यकाल** - **सन्**1600 – 1857**ई**
   d. **आधुनिक काल** – **सन्**1857 **से अबतक**

6. **डॉ. रामपुमार वर्मा ने आदिकाल को संधिकाल और चारणकाल के रूप में क्यों विभाजित किया**?
   रामपुमार वर्मा के अनुसार उत्तर भारत की अपभ्रंश भाषाओं से हिन्दी की उत्पत्ति हुई। अपभ्रंश और हिन्दी के संक्रमण के समय में रची हुई रचनाएँ मिलती हैं। अतः आदिकाल के प्रारंभिक चरण को वे अपभ्रंश और हिन्दी का संधिकाल मानते हैं। अर्थात् अपभ्रंश की अंतिम रचनाएँ हिन्दी की आदिम रचनाएँ हैं। उसके बाद के समय में राजस्थान के चारण कवियों की रचनाएँ मिलती हैं। इसलिए उन्होंने 1000**से** 1375 **तक के समय को चारणकाल कहा।**
7. **आदिकाल के नामकरण के बारे में क्या क्या तर्क वितर्क हुए हैं**?
   शुक्लजी ने आदिकाल को 'वीरगाथाकाल' नाम दिया है। लेकिन उन्होंने जिन बारह रासो काव्यों के आधार पर यह नाम दिया है, वे अप्रामामिक सिद्ध हुए हैं। डॉ. रामपुमार वर्मा ने आदिकाल को 'संधिकाल' और 'चारणकाल' के रूप में विभाजित किया है। राहुल सांकृत्यायन ने सिद्धों द्वारा अपभ्रंश में लिखित धार्मिक साहित्य तथा वीरकाव्य दोनों को महत्व देते हुए आदिकाल को 'सिद्धसामन्तयुग' नाम दिया। मिश्रबन्धुओं ने आदिकाल को आरंभिककाल नाम देकर 'पूर्वारंभिक काल', 'उत्तरारंभिक काल' इसप्रकार दो भागों में विभाजित किया। श्री.गणपतिचन्द्र गुप्त ने 'प्रारंभिककाल', रामरतन भटनागर ने 'आविर्भाव काल' और महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'बीजवपनकाल' नाम दिया है। कुछ लोगों ने 'अंधकार काल' या 'शून्यकाल' भी कहा है। अधिकांश विद्वानों ने 'आदिकाल' नाम ही स्वीकारा है।
8. **डॉ. रामपुमार वर्मा ने भक्तिकाल को धार्मिक काल नाम क्यों दिया**?
   भक्तिकालीन साहित्य धार्मिक अनुभूतियों से ओत-प्रोत है। इसलिए उसको और भी स्पष्ट करने केलिए धार्मिक काल नाम दिया।

9. **रीतिकाल के नामकरण के बारे में क्या क्या तर्क - वितर्क हुए हैं**?

उत्तर मध्यकाल में रीतिग्रन्थों या काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों की प्रचुरता के कारण शुक्लजी ने 'रीतिकाल' नाम दिया। लेकिन आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने इसका विरोध करके कहा है कि रीतिकाल नाम देने पर घनानन्द जैसे रीतिमुक्त कवियों को बाहर निकालना पडेगा। उस युग की सभी कृतियों में प्राप्त विषय को आधारित करके इसको 'श्रृंगार काल' नाम देना उचित है। लेकिन डॉ. नगेन्द्र ने कहा कि रीतिमुक्त कवियों ने भी थोडी रीति- विषयक रचनाएँ की हैं। श्रृंगार काल कहने पर भूषण जैसे वीरकाव्य लिखनेवाले कवि बाहर पड जाएँगे। गणपतिचन्द्रगुप्त ने काव्यशास्त्रपरक ग्रन्थों की धारा को 'शास्त्रीय मुक्तक काव्यधारा' तथा रीतिमुक्त धारा को 'स्वच्छन्द काव्यधारा' नाम दिया। डॉ. रामशंकर शुक्ल रसाल के अनुसार रीतिकाल केलिए 'कलाकाल' नाम ज्यादा उचित है। रीतिकाल की अलंकरण की प्रवृत्ति देखकर मिश्रबन्धुओं ने इसे 'अलंकृतकाल' कहा। रामबहोरी शुक्ल और भगीरथमिश्र ने इस युग को 'रीतिश्रृंगार काल' नाम दिया।

10. **आधुनिककाल को शुक्लजी ने क्यों गद्यकाल कहा?**

आधुनिककाल में हिन्दी में गद्य का अभूतपूर्व विकास हुआ। इसलिए शुक्लजी ने गद्यकाल कहा।

UNIT - 2

आदिकाल

1) **आदिकाल की विभिन्न परिस्थितियों पर विचार कीजिए?**

किसी भी युग का स्वरूप उसकी परिस्थितियों पर आधारित है। आदिकाल की राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा साहित्यिक परिस्थितियाँ प्रमुख हैं।

<u>राजनीतिक परिवेश</u>

राजनीतिक दृष्टि से आदिकाल के समय पतन का युग था। उस समय वर्द्धन-साम्राज्य का पतन हो गया। हर्षवर्द्धन के समय से ही उत्तरी भारत पर यवन आक्रमण हुआ। उनकी मृत्यु के बाद उत्तरी भारत में छोटे राजपूत राजा राज्य करते थे जो हमेशा आपस में लडते थे। मुसलमानों ने अवसर पाकर उनको पराजित किया। दिल्ली में तुर्कों की सलतनत स्थापित हुई। जनता एक ओर देशी राजाओं के अत्याचारों से पीडित थी तो दूसरी ओर विदेशी आक्रमणकारियों से। इसलिए जनता में एक वर्ग वीरता के साथ लडते हुए जीना चाहता था। दूसरा वर्ग इन शोरगुल से दूर आध्यात्मिक बात सोचता था। कुछ लोग इन सबके बीच जीवन कारस लेना चाहते थे। इन तीन वर्गों का रूप आदिकाल के साहित्य में देख सकते हैं।

<u>धार्मिक परिवेश</u>

वैदिक और पौराणिक धर्म के साथ बौध और जैन धर्म भी उत्तर भारत में प्रचलित थी। लेकिन सभी वास्तविक आदर्शों से दूर हट रहे थे। धर्म के स्थान पर अधर्म का प्रचार हो रहाथा। बौद्ध धर्म मंत्र, तंत्र तथा सिद्धियों के चक्कर में पडकर पतित होने लगा। महायान, वज्रयान, सहजयान, मंत्रयान आदि कई रूप हुए। वैष्णवों, शाक्तों, शैवों तथा जैनों में भी विकृत प्रचार हुआ। बाद में नाथ संप्रदाय के संतों ने धर्म को सीधे रास्ते पर लाने का प्रयास किया। इसीप्रकार तमिलनाडु से भी भक्ति का नया आन्दोलन उत्तर भारत में आया। यह लोकहित पर आधारित भक्ति को महत्व देता था। आचार्य शंकर, रामानुज, निंबार्क आदि आचार्यों ने भी धार्मिक उद्धार करना चाहा। लेकिन इन सबका प्रभाव इस युग में नहीं हुआ। इस अशान्त वातावरण में इस्लाम धर्म भी भारत में प्रवेश किया।

<u>सांस्कृतिक परिवेश</u>

हर्षवर्धन के समय हिन्दू संस्कृति उन्नति के शिखर पर पहूँच गयी थी। सभी कलाओं में धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति थी। मुसलमानों के आगमन के साथ मुस्लीम संस्कृति का प्रभाव भी लोगों पर होने लगा। हिन्दू-मुस्लीम संस्कृतियाँ तनाव की स्थिति में एक दूसरे को विरोध और शंका से देखती रही। लेखिन उत्सव, त्योहार, भोजन, वस्त्र, मनोरंजन आदि सभी में हिन्दू प्रभाव ज़्यादा दिखायी पडने लगा। इसप्रकार आदिकाल की भारतीय संस्कृति में एक ओर अपनी उत्कृष्ट परंपरा का ह्रास तथा दूसरी ओर इस्लाम का सम्मिश्रण प्राप्त है।

<u>सामाजिक परिवेश</u>

राजनीति, धर्म और संस्कृति के हलचल में जनता को शासन तथा धर्म से आश्रय नहीं मिल रहा था। जाति-पाँति के बन्धन कठोर हो गये। कई तरह के अन्धविश्वास बढ़ते जा रहे थे। राजाओं और उच्चवर्ग विलासमय जीवन बिता रहे थे। शिक्षा, शास्त्र-ज्ञान तथा साहित्य से साधारण जनता का कोई संबन्ध नहीं था। नारी केवल उपभोग की वस्तु थी।

साहित्यिक परिवेश

आदिकाल में साहित्य में तीन धाराएँ थीं। प्रथम धारा संस्कृत साहित्य की थी। इस युग में ज्योतिष, दर्शन, साहित्य आदि सभी में संस्कृत संपन्न थी। आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त, कुन्तक, क्षेमेन्द्र आदि उस समय जीवित थे। दूसरी धारा में प्राकृत और अपभ्रंश में साहित्य रचना होती थी। जैन और बौद्ध धर्म से संबन्धित साहित्य प्राकृत या अपभ्रंश से लिखा जा रहा था। तीसरी धारा हिन्दी भाषा की थी। हिन्दी में चारण कवियों की वीर गाथाएँ इस काल में लिखित हो रही थीं।

2) डॉ.रामकुमार वर्मा ने आदिकाल के प्रथम चरण को संधियुग नाम क्यों दिया?

हिन्दी की उत्पत्ति अपभ्रंश से हुई है। आदिकालीन अपभ्रंश काव्यों में अपभ्रंश भाषा का अंतिम स्वरूप मिलता है, जो उत्तर अपभ्रंश जाना जाता है। यही हिन्दी का आदिम स्वरूप है। इसलिए इसको पुरानी हिन्दी भी कहते हैं। सचमुच यह अपभ्रंश और हिन्दी का संधिकाल है। इसलिए रामकुमार वर्मा ने आदिकाल के प्रथम चरण को संधियुग कहा।

3) आदिकाल की मुख्य काव्य-प्रवृत्तियाँ क्या क्या है?

1) सिद्ध-नाथ-जैन सम्प्रदाय में दीक्षित कवियों द्वारा धर्म और नीतिपरक काव्य रचना।
2) रासो काव्य की परंपरा
3) रासो प्रबन्ध काव्यों की संदिग्ध प्रामाणिकता
4) वीर तथा श्रृंगार रस की प्रधानता
5) राष्ट्रीय भावना का अभाव
6) अपभ्रंश प्रभावित पुरानी हिन्दी का प्रयोग
7) डिंगल-पिंगल काव्य शैली का प्रयोग
8) प्रबन्ध व मुक्तक काव्य रचना
9) लोक साहित्य की रचना
10) गद्य रचनाओं का प्रादुर्भाव

4) आदिकाल की साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश डालिए?

लगभग 800 से लेकर 1300 तक की सभी कृतियाँ आदिकाल के अन्तर्गत आती हैं। आदिकाल के प्रथम चरण में जो साहित्य रचा गया है उनमें हिन्दी की अपेक्षा अपभ्रंश का रूप ज्यादा मिलता है। दूसरे चरण में देश भाषा में लिखे काव्य मिलते हैं। इसलिए आदिकालीन साहित्य को दो विभागों में विभक्त किया गया है।

1) अपभ्रंश काव्य
2) देश भाषा काव्य

आदिकाल के अपभ्रंश काव्य में मुख्य रूप से धार्मिक विषयों पर आधारित ग्रंथ मिलते हैं। इनके अलावा लौकिक विषय के काव्य भी मिलते हैं। अतः अपभ्रंश रचनाओं को चार विभागों में रख सकते हैं –

a. **सिद्ध अपभ्रंश काव्य**
b. **जैन अपभ्रंश काव्य**
c. **नाथपंथी काव्य**
d. **शुद्ध अपभ्रंश काव्य(लौकिक काव्य)**

आदिकाल के देश भाषा काव्य दूसरे चरण की कृतियाँ हैं। दूसरा चरण, चारण काल माना जाता है। इसलिए इन रचनाओं को चारण काव्य या रासो काव्य भी कहते हैं। चारण कवियों ने प्रबन्ध तथा मुक्तक दोनों प्रकार की रचनाएँ की हैं।

I. **<u>सिद्ध अपभ्रंश काव्य</u>**

बौद्ध धर्म की वज्रयान शाखा के सिद्ध योगियों का काव्य सिद्ध साहित्य के अन्तर्गत आता है। बौद्ध-सिद्धों का कार्यक्षेत्र देश के पूरवी क्षेत्र में था। नालन्दा व तक्षशिला विश्वविद्यालय भी बौद्ध सिद्ध साधना के केन्द्र थे। सिद्ध साहित्य में तांत्रिक वामाचार की प्रधानता है। वे सुरा, सुन्दरी आदि भोग के उपकरण को मोक्ष का साधन मानते थे। लेकिन उनकी रीति में एक प्रगतिशील तत्व अवश्य मिलता है। उन्होंने कभी शास्त्रों को नहीं माना। वेदों का तिरस्कार कर तीर्थों में जाना आदि धार्मिक रूढ़ियों तथा आचारों का खण्डन किया। इन विशेषताओं का विकास बाद में संत कवियों में मिलता है। माना जाता है कि ऐसे चौरासी(84) सिद्ध मिलते हैं। इनमें 14 सिद्धों की रचनाएँ उपलब्ध होती है। सिद्धों में पहले आने वाला सरहप्पा है। इनके अलावा शबरपा, लूइपा, डोंबिपा, कण्हपा, कुक्कुरिपा आदि प्रमुख हैं।

<u>सरहप्पा</u>(769ई) :- सरहपा हिन्दी का पहला कवि माना जाता है। वे सरोजवज्र, राहुलभद्र आदि नामों से भी जाने जाते हैं। इनके द्वारा रचित 32 ग्रन्थ माने गये हैं जिनमें 'दोहाकोष' प्रसिद्ध है।उनकी भाषा सरल एवं गेय है। उनकी चिंतन पद्धति में धर्म की परंपरागत रूढ़ियों और बन्धनों को तोडने की विद्रोही प्रवृत्ति मिलती है।

<u>शबरपा</u>(780ई) :- शबरपा ने सरहपा से ज्ञान पाया था। शबरों के समान जीवन बिताने के कारण ये शबरपा कहलाये। इनकी प्रसिद्ध रचना है 'चर्यापद'। ये मायामोह को त्यागकर सहज जीवन पर बल देते हैं। और उसी को महासुख की प्राप्ति का मार्ग बताते हैं।

<u>लूइपा</u> :- वे शबरपा के शिष्य थे। चौरासी सिद्धों में इनका स्थान सबसे ऊँचा माना जाता है।लूइपा के प्रभाव से प्रभावित होकर उडीसा के राजा और मंत्री उनके शिष्य बन गये थे।

<u>डोंबिपा</u>(840) :- ये मगध के क्षत्रिय थे। इनकी इक्कीस रचनाएँ हैं जिनमें 'डोम्बिगीतिका', 'योगचर्या' और 'अक्षरद्विकोपदेश' मुख्य हैं।

कण्हपा(820):- सिद्धों में कण्हपा सबसे अधिक पढ़े लिखे थे। इन्होंने सबसे अधिक (74) ग्रन्थ लिखे हैं जिनमें अधिकांश दार्शनिक विषयों पर आधारित हैं। इन्होंने शास्त्रीय रूढ़ियों का खण्डन किया है।

कुक्कुरिपा:- कपिलवस्तु के ब्राह्मण वंश में कुक्कुरिपा का जन्म हुआ। इनके सोलह ग्रंथ मिलते हैं।

II. **जैन अपभ्रंश काव्य**

जैन साहित्य धार्मिक शिक्षा के उद्देश्य से रचा गया है। मध्य देश के पश्चिमी क्षेत्र में जैन साधुओं ने जैनमत का प्रचार करने केलिए हिन्दी में काव्य रचना की। कुछ जैन कवियों ने हिन्दुओं के रामायण, महाभारत आदि कथाओं के राम, कृष्ण आदि चरित्रों को अपने धार्मिक सिद्धान्तों के अनुरूप प्रस्तुत किया है। जैन महापुरुषों के चरित्र भी लिखे गये हैं। प्रमुख रूप से जैन कवि दो विभाग में आते हैं –

1) **प्रबन्ध रचनाकार** 2) **मुक्तक रचनाकार।**

प्रबन्ध काव्य ग्रन्थों की भाषा अपभ्रंश के निकट हैं जबकि रास साहित्य और मुक्तक रचनाएँ देशी भाषाओं के निकट हैं।

प्रबन्ध काव्य जैन कवियों में स्वयंभू, पुष्पदन्त और धनपाल आते हैं।

स्वयंभूदेव(स्वयंभू) :- आठवीं शताब्दी के कवि स्वयंभू ने प्रबन्ध काव्य की रचना की है। 'पउम चरिउ'(पद्म चरित) और 'टिठजेमी चरिउ'(अरिष्टनेमी चरित) उनके प्रमुख प्रबन्ध काव्य हैं। छन्द शास्त्र से सम्बन्धित स्वयंभूछन्दस की रचना भी उन्होंने की है। पउम चरिउ में संस्कृत के महाकाव्यों की परंपरा नियमों का पालन हुआ है। सर्वप्रथम स्वयंभू ने इसका आरंभ किया है। पउम चरिउ में राम की कथा है। उन्होंने जैन धर्म की प्रतिष्ठा के लिए राम कथा में परिवर्तन करके नये प्रसंगों में जोड दिया है। स्वयंभू 'अपभ्रंश का वात्मीकि' माना जाता है। 'अरिष्टनेमी चरित' में राम की कथा मिलती है।

पुष्पदंत:- दसवीं शताब्दी में जीवित पुष्पदंत जैन कवियों में प्रमुख है। स्वभाव से अभिमानी होने के कारण इनको 'अभिमान मेरू' उपनाम मिला था। उनका प्रसिद्ध काव्य 'महापुराण' है। उन्होंने इस काव्य के आदि पुराण-खण्ड में रामायण और महाभारत की कथा है। राम की कथा में बहुत परिवर्तन किये गये हैं। कृष्ण चरित वर्णन में वे विशेष सफल हुए हैं। इन्हें अपभ्रंश भाषा का व्यास माना जाता है। पुष्पदंत ने ब्राह्मणों का खुलकर विरोध किया है।

धनपाल : - लौकिक प्रबन्ध काव्य रचना करनेवाले जैन कवियों में कवि धनपाल का नाम आता है। उनका 'भविस्यत कहा' नामक काव्य बहुत प्रसिद्ध है। इसमें भविषदत्त नामक व्यापारी की कथा है।

जैन साहित्य के मुक्तक रचनाकारों में जोइन्दु और मुनि रामसिंह प्रमुख हैं।

जोइन्दु :- जोइन्दु का मुक्तक काव्य है 'परमात्म प्रकाश'। इनमें आध्यात्मिक विचारों का वर्णन मिलता है। योग सार उनका दूसरा काव्य है।

मुनि रामसिंह :- **अपभ्रंश में मुक्तक काव्य लिखनेवाला दूसरा कवि है। उनका प्रसिद्ध काव्य 'पाहुड दोहा' है। उसमें कवि ने धार्मिक विचारों का चित्रण किया है और योगियों से संबन्धित तत्वों और रहस्यवादी विचारों का चित्रण भी है।**

अन्य कवियों में हरिभद्रसूरि का 'नेमिनाथ चरिउ', विनयचन्द्रसूरि का 'नेमिनाइ चौपइ', आचार्य देवसेन का 'श्रावकाचर' आदि उल्लेखनीय है। जैन रास साहित्य में शालीभद्रसूरि का 'भरतेश्वर बाहुबली रास', कवि आसगु का 'चन्दनबाला रास', विजयसेन सूरि का 'रेवंतगिरि रास', जिनधर्म सूरि का 'स्थूलिभद्र रास' आदि प्रमुख रचनाएँ हैं।

III. **नाथपंथी काव्य**

सिद्धों के वामाचार भोग प्रधान योग साधना के विरुद्ध नाथ पंथियों की हठयोग साधना का आरंभ हुआ। इसलिए नाथ पंथ को सिद्धों का ही विकसित रूप माना गया है। नाथपंथ में हठयोग की प्रधानता है। नाथ संप्रदाय ने बाद के संत संप्रदाय को प्रभावित किया। इसलिए नाथ संप्रदाय को सिद्धों और संतों के बीच की कडी मानते हैं। नाथपंथी साधक ज़्यादा और कवि कम थे। अतः उनकी कविता में काव्यगत सुन्दरता अधिक नहीं है। नाथ संप्रदाय के प्रमुख कवि गोरखनाथ है। इनके पहले मत्स्येन्द्रनाथ, जालंधर नाथ आदि आते हैं।

गोरखनाथ :- **गोरखनाथ नाथ साहित्य का प्रवर्तक माने जाते हैं। वे मत्स्येन्द्रनाथ के शिष्य थे। लेकिन बाद में उनका विरोधी बन गये। तेरहवीं शती के आरंभ में गोरखनाथ ने साहित्य रचना की थी। उनके कुल 40 ग्रन्थ हैं। सबदी, पद, प्राण संकली, आत्मबोध आदि उनकी रचनाएँ हैं। उनकी कृतियों का संकलन हैं 'गोरखबानी'। गोरखनाथ ने अपनी रचनाओं में गुरुमहिमा, इन्द्रिय निग्रह, प्राण साधना, कुण्डलिनी जागरण, सून्य समाधी आदि कई बातों का वर्णन किया है।**

IV. **शुद्ध अपभ्रंश काव्य**

हिन्दी साहित्य के आदिकाल में लौकिक जीवन के श्रृंगार और शौर्य के प्रसंगों को लेकर निम्नलिखित काव्य लिखे गये हैं।

संदेश रासक :- **लौकिक काव्यों के अन्तर्गत अब्दुर्रहमान का 'संदेश रासक' महत्वपूर्ण है। यह एक खण्डकाव्य है जो लोक जीवन की एक कल्पित कथा पर आधारित है। इसमें विरह की सूक्ष्म अनुभूतियों का सुन्दर चित्रण है। इसको विरह साहित्य का प्रतिनिधि काव्य माना जाता है। काव्य सौन्दर्य की दृष्टि से संदेश रासक का अपभ्रंश साहित्य में विशेष स्थान है। इसका ऋतुवर्णन कालिदास के ऋतुवर्णन की परंपरा में आता है।**

प्राकृत पैंगलम :- **इसमें विद्याधर, शारंग, बब्बर, जज्जल आदि कई कवियों की रचनाओं का संकलन हैं। भाषा शास्त्र की दृष्टि से इसका अध्ययन होता है।**

ढोला-मारू-रा दूहा :- **यह मूलतः लोकभाषा काव्य है। इसमें ढोला राजकुमार और मार्वाणी राजकुमारी की प्रेम कथा है। यह लोक प्रसिद्ध प्रेमगाथा आदिकालीन श्रृंगार काव्य परंपरा की महत्वपूर्ण कडी है। पश्चिमीहिन्दी तथा राजस्थान में यह काव्य अत्यन्त लोकप्रिय रहा है। इसमें नारी हृदय की अत्यन्त मार्मिक व्यंजना मिलती है। प्रेम का सात्विक किन्तु सरस पक्ष इसमें विस्तार से प्रस्तुत हुआ है। ढोला-मारू-रा दूहा का मूल रूप दोहों में मिलता है।**

<u>वसंत विलास</u> :- इसके रचनाकार अज्ञात है। इसमें चौरासी दोहों में वसंतकाल और स्त्रियों पर उसके मादक प्रभाव का वर्णन किया गया है। स्त्री, पुरुष और प्रकृति में निरंतर बहनेवाली मदोन्मत्तता का इस काव्य में जैसा चित्रण मिलता है, वैसा रीतिकालीन कवि भी नहीं कर सके हैं।

<u>चन्दायन</u> :- कहा जाता है कि अलाउद्दीन खिलजी द्वारा 'चन्दायन' लिखा गया है जिसके अन्य नाम हैं- चन्दायन, चन्दावत। डॉ.रामकुमार वर्मा के अनुसार, हिन्दी में प्रेम काव्य की परंपरा इस काव्य से शुरू होती है। बाद में सूफी प्रेम काव्य की परंपरा का श्रोत चन्दायन से ही मिलता है।

<u>चारण काल (आदिकालीन हिन्दी का दूसरा चरण)</u>

चारण काल में वीररसपूर्ण कृतियाँ मिलती हैं जो राजस्थानी मिश्रित हिन्दी में हैं। इसलिए इसको वीरगथाकाव्य भी कहते हैं। राजपूत राजाओं के दरबारी कवियों ने अपने आश्रयदाता राजाओं की प्रशंसा में उनकी वीरगथाएँ गायी थी। वे कवि चारण कहलाते थे। चारण कवि राजा के साथ लड़ाई भी करते थे। एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में लेखनी लेकर वे राजा के साथ हमेशा रहते थे। रास, या रासक छन्द में लिखे गये ये काव्य गाने योग्य हैं। इनको रासो काव्य कहते हैं। चारण कवियों ने प्रबन्ध तथा मुक्तक दोनों प्रकार की रचनाएँ की हैं।

a) **<u>प्रबन्ध काव्य</u>**

1) **<u>खुमान रासो</u> :- अधिकांश विद्वान मानते हैं कि दलपति विजय ने इसकी रचना की है। लेकिन इसकी प्रामाणिकता में संदेह है। आचार्य शुक्लजी ने इसको नवीं शताब्दी की रचना मानी है। क्योंकि इसमें नवीं सदी के चितौड नरेश खुमान के युद्धों का चित्रण है। यह पाँच हज़ार छन्दों का विशाल काव्य ग्रन्थ है।**

2) **<u>पृथ्वीराज रासो</u> :- आदिकाल के वीर काव्यों में यह सबसे महत्वपूर्म माना जाता है। इसका रचयिता चन्दबरदायी है। चंद पृथ्वीराज का सहयोगी और परम मित्र भी था। ऐसा प्रसिद्ध है कि वे पृथ्वीराज के साथ वि.सं.1206में पैदा हुए थे। काव्य, साहित्य, छन्दशास्त्र, ज्योतिष, पुराण नाटक आदि में उनका पूर्ण अधिकार था। छप्पय छन्द पर उनका विशेष अधिकार था। इसलिए उनको छप्पय राजा कहते थे।**

पृथ्वीराज रासो में पृथ्वीराज चौहान की वीरतापूर्ण जीवन कथा का वर्णन है। वीर और श्रृंगार रस की दृष्टि से यह काव्य महत्वपूर्ण है। नारी के रूपांकन में चन्द ने विशेष सफलता पायी है। कहा जाता है कि युद्ध में शहाबुद्दीन गोरी ने पृथ्वीराज की आँखें तोडी थी। फिर चंद के संकेत पर पृथ्वीराज ने शब्दभेदी बाण चलाकर गोरी का वध किया। पृथ्वीराज रासो अपभ्रंश मिश्रित राजस्थानी है जो पिंगल शैली में लिखी गयी है।

पृथ्वीराज रासो के चार संस्करण उपलब्ध है। इसलिए इसकी प्रामाणिकता पर वाद विवाद है। एक वर्ग इसे प्रामाणिक मानता है, दूसरा वर्ग पूर्णतः अप्रामाणिक मानता है तो तीसरा वर्ग अर्द्धप्रामाणिक मानता है। चन्द ने पृथ्वीराज के जीवन की घटनाओं का जैसा वर्णन किया है उसे देखकर स्पष्ट होता है कि वह पृथ्वीराज का समकालीन था। हो सकता है कि बाद के चारण कवियों ने इसमें कुछ घटनाओं को जोड दिया हो। उसके काव्य सौन्दर्य की अपेक्षा ऐतिहासिकता उतनी महत्वपूर्ण नहीं।

b) **<u>मुक्तक रासो काव्य</u>**

बीसलदेव रासो :- **'बीसलदेव रासो' वीरगाथा काल की प्रसिद्ध रचना है जो नरपति नाल्ह की रचना है। इसकी रचना** 1212 **में हुई थी। कहा जाता है कि कवि नरपति राजा विग्रह राजा चतुर्थ का समकालीन था। बीसलदेव रासो का नायक विग्रह राजा चतुर्थ है। यह एक विरह काव्य है जिसमें श्रृंगार की प्रधानता है। इसकी कथा मुक्तक शैली में कही गयी है।**

परमाल रासो :- **यह आल्हाखण्ड नाम से प्रचलित लोक गेय काव्य रचना है। इसके रचयिता कवि जगनिक है। वे कालिंजर के राजा परमार्दिदेव के दरबारी कवि थे। इसमें राजा परमाल की वीरता का वर्णन नहीं है। वल्कि उनके राज्य में आल्हा और ऊदल नामक दो वीर थे। उनकी वीरतापूर्ण लड़ायियों का वर्णन है। इसकी विशेष शैली आल्हा शैली से प्रसिद्ध हुई है।**

हम्मीर रासो :- **प्राकृत पैंगलम के आधार पर रामचन्द्रशुक्लजी ने हम्मीर रासो नामक एक कृति की कल्पना की। लेकिन इसकी कोई प्रामाणिक प्रति उपलब्ध नहीं है। शारंगधर इसके रचनाकार बताए जाते हैं।**

इनके अलावा नल्यसिंह द्वारा रचित 'विजयपाल रासो' और जयानक कवि द्वारा रचित 'पृथ्वीराज विजय' भी उपलब्ध है। भट्टकेदार कृत 'जयचंद प्रकाश' और मधुकर कवि कृत 'जयमयंक जसचंद्रिका' भी इसी कोटि में आती हैं लेकिन इनकी कोई प्रति प्राप्त नहीं है।

हिन्दी के आदिकाल में कुछ अन्य कवियों की रचनाएँ भी आती हैं। विद्यापति और अमीर खुसरो तो स्वतंत्र रूप से काव्य रचना करके आदिकाल में अलग स्थान प्राप्त किया है।

विद्यापति (1360 -1448**ई**) :- **विद्यापति संस्कृत, अवहट्ट, मैथिली तीनों भाषाओं में रचना करनेवाले महान पंडित थे। वे हिन्दी में भक्ति और श्रृंगार के प्रवर्तक माने जाते हैं। 'कीर्तिलता' और 'कीर्तिपताका' में उनका वीर कवि का रूप है। 'पदावली' में उनका श्रृंगारी रूप है और 'शैव सर्वस्वसार' में भक्त कवि का रूप है। वे मिथिला के राजा कीर्तिसिंह और शिवसिंह के दरबारी कवि थे। विद्यापति ने पदावली में राधाकृष्ण की प्रणय लीलाओं का अत्यन्त हृदयहारी वर्णन किया है। उसमें उनका श्रृंगारी रूप पूर्णतः उभर आया है। श्रृंगार के दोनों- संयोग और वियोग- का वर्णन इस ग्रन्थ में उपलब्ध है।**

अमीर खुसरो :- **अमीर खुसरो खडीबोली हिन्दी के प्रथम कवि माने जाते हैं। इनका पूरा नाम अबुलहसन यमीनुद्दीन था। अमीर खुसरो के पिता तुर्क थे और माँ हिन्दुस्तानी। यही कारण है कि इनकी रचनाओं में दो संस्कृतियों, दो भाषाओं का संगम हैं। अमीर खुसरो मुगल दरबार के कवि थे। उन्होंने दिल्ली के शासन पर ग्यारह सुलतानों को बैठे देखा है। अपनी आँखों से गुलाम वंश का पतन, खिलजी वंश का उत्थान और तुग्लक वंश का आरंभ उन्होंने देखा।उन्होंने कविता की** 99 **किताबें लिखी हैं। इनमें 'किस्सा चाहा दरवेश' और 'खालिकबारी' विशेष महत्वपूर्ण है। तुर्की, अरबी, फारसी और हिन्दी का पर्याय कोष नामक ग्रन्थ बहुत प्रसिद्ध है। उनके साहित्य में हिन्दु मुस्लिम एकता का पहला प्रयास मिलता है। अनेक भाषाओं का प्रयोग करते हुए उन्होंने भाषा संबन्धी एकता का आदर्श भी प्रस्तुत किया है।**

5. **वीरगाथा काव्यों की सामान्य विशेषताएँ क्या-क्या हैं?**

आदिकाल के दूसरे चरण में वीरगाथा काव्यों की रचना हुई है। उनकी निम्नलिखित विशेषताएँ हैं-

1) **संदिग्ध रचनाएँ– प्रायः सभी वीरगाथाओं की प्रामाणिकता संदेह की दृष्टि से देखी जाती है। इनमें निरंतर कई शताब्दियों तक परिवर्तन और परिवर्धन होते रहे हैं।**

2) **ऐतिहासिकता का अभाव– वीरगाथाओं के प्रसिद्ध चरित नायक का वर्णन शुद्ध इतिहास की कसौटी पर पूरा नहीं उतरता। इनमें इतिहास की अपेक्षा कल्पना का बाहुल्य है।**
3) **युद्ध वर्णन– युद्धों का वर्णन वीरगाथाओं का प्रमुख विषय है और यह सचीव बन पडा है। क्योंकि चारण कवि लेखनी के साथ तलवार भी पकडते थे।**
4) **संकुचित राष्ट्रीयता– चारण कवियों ने अपने आश्रयदाताओं की प्रशंसा का मुक्तकंठ से गान किया है। उस समय राष्ट्र शब्द से समूचा भारत का द्योतन नहीं बल्कि अपने-अपने प्रदेश एवं राज्य को ही ग्रहण किया गया।**
5) **वीर और श्रृंगार रस– वीरगाथाओं में वीर तथा श्रृंगार का अद्भुत सम्मिश्रण है। वीर रस का इतना सुन्दर परिपाक हुआ कि परवर्ती हिन्दी साहित्य में वीररस का इतना पुष्ट रूप नहीं है। युद्धों का मूल कारण नारी को कल्पित कर लिया गया। अतः श्रृंगार रस का भी इसमें जमकर वर्णन है।**
6) **प्रकृति-चित्रण– वीरगाथा काव्यों में प्रकृति का आलंबन और उद्दीपन दोनों रूपों का चित्रण हैं।**
7) **रासो शब्द–वीरगाथाओं के नाम के साथ रासो शब्द जुडा हुआ है जो काव्य शब्द का पर्यायवाची है। मूल रूप से रासक एक छन्द है जिसका प्रयोग अपभ्रंश साहित्य में संदेश रासक आदि में मिलता है।**
8) **काव्य के दो रूप– वीरगाथाएँ मुक्तक और प्रबन्ध दोनों रूपों में मिलती है। इन दोनों के अतिरिक्त उस साहित्य में दूसरा कोई रूप नहीं है।**
9) **जन जीवन से संपर्क नहीं– वीरगाथाओं में सामन्ती जीवन का चित्रण होने के कारण जन जीवन के साथ संबन्ध ही नहीं।**
10) **छन्द की विविधता– छन्दों का जितना विविध प्रयोग वीरगाथाओं में हुआ है, उतना उसके पूर्ववर्ती साहित्य में नहीं हुआ।**
11) **डिंगल और पिंगल भाषा– वीरगाथा काल की साहित्यिक राजस्थानी भाषा को डिंगल भाषा कहते हैं। यह वीरत्व के स्वर केलिए बहुत उपयुक्त भाषा है। उस समय की अपभ्रंश मिश्रित साहित्यिक ब्रज पिंगल कहा जाता है।**

UNIT - 3

भक्तिकाल और सन्त काव्य परंपरा

1) **भक्तिकाल में किन-किन रूपों में भक्ति का प्रचार हुआ?**
   ज्ञानाश्रयी भक्ति, प्रेमाश्रयी भक्ति, राम भक्ति, कृष्ण भक्ति आदि रूपों में।
2) **भक्तिकाल को कहाँ से कहाँ तक माना है?**
   चौदहवीं सदी के मध्य से सत्रहवीं सदी के मध्य तक माना है। शुक्लजी ने 1375 से 1700 तक का काल भक्तिकाल माना है।
3) **भक्तिकाल की विभिन्न परिस्थितियाँ किसप्रकार थी?**
   भक्तिकाल की राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक परिस्थितियाँ प्रमुख हैं।

राजनीतिक परिस्थिति :- **राजनीतिक दृष्टि से भक्तिकाल को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। 1375 से 1583 तक के प्रथम भाग में दिल्ली पर तुग्लक और लोदी वंश के सुलतानों का शासन था। 1583 से 1700 तक के समय में मुगल वंश के बाबर, हुमयूँ, जहाँगीर, शाहजहाँ आदि का शासन था। यहाँ के देशी शासक लगातार इसका विरोध करते रहे। प्रारंभ के मुसलमान आक्रमणकारी लोगों पर कठोर अत्याचार करते थे तो अकबर जैसे शासक ने सहिष्णुता और उदारता दिखायी।**

सामाजिक परिस्थिति :- **भक्तिकाल में हिन्दुओं और मुसलमानों में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आदान-प्रदान शुरू हुआ। पहले हिन्दुओं और मुसलमानों में जो भेदभाव था, वह समाप्त होने लगा। धर्म, साहित्य, चित्रकला, वास्तुकला आदि क्षेत्रों में आदान-प्रदान होता था। उस समय हिन्दु- मुस्लिम विवाह भी देखने को मिलता है। प्रजा के सुख-दुख का ध्यान बादशाह रखते थे। गुजरात और दक्षिण में अकाल पडने पर, शाहजहाँ ने अनाज मुफ्त बाँट दिया। अधिकांश हिन्दू मुसल्मान बनने लगे। इस समय हिन्दुओं की आर्थिक दशा बुरी थी।**

धार्मिक परिस्थिति :- **भक्तिकाल में बौध धर्म की विकृत परंपरा के सिद्धों ने धार्मिक क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन किये। बाद में नाथ संप्रदाय के लोगों ने सिद्धों की भक्ति को परिष्कृत रूप दिया। मध्यकाल में वैष्णव भक्ति की धारा तीव्र रूप से बहने लगी। दक्षिण भारत में इसकी गति तीव्र बनाने की अनुकूल परिस्थितियाँ थी। तमिलनाडु के आलवार संतों ने भक्ति का व्यापक प्रचार किया। लगभग इसी समय शंकराचार्य ने अद्वैतवाद का प्रचार किया था। इसकी प्रतिक्रिया में अनेक दार्शनिक सिद्धान्त आए। मध्वाचार्य का 'द्वैतवाद', रामानुजाचार्य का 'विशिष्टाद्वैतवाद', निम्पार्काचार्य का 'द्वैताद्वैदवाद', वल्लभाचार्य का 'शुद्धाद्वैतवाद' आदि। बंगाल में महाप्रभु चैतन्य ने कृष्ण भक्ति का व्यापक प्रचार किया। स्वामी रामानंद ने सीता राम की उपासना का प्रचार किया। कुछ निदेशी धार्मिक परिस्थिति भी इस समय मिलती है। मुसलमान कवियों ने सूफी धर्म और अद्वैतवाद को मिलाकर नये भक्ति मार्ग का प्रचार किया।**

4) **भक्तिकालीन साहित्य कितने खण्डों में विभाजित किया गया है?**

भक्तिकाल में भक्ति दो रूप में मिलते हैं – निर्गुण भक्ति और सगुण भक्ति। ईश्वर को निर्गुण और निराकार माननेवालों ने ज्ञान तत्व पर ज़्यादा बल दिया। उसकी भक्ति में ब्रह्म, जीव आदि तत्वों का चिन्तन मुख्य रूप से आता है। कबीर जैसे सन्त कवि इसके अन्तर्गत हैं। निर्गुण भक्ति को माननेवाले और कुछ लोगों ने प्रेम तत्व पर ज़्यादा बल दिया जो प्रेमाश्रयी शाखा के अन्तर्गत हैं। सगुण और साकार ईश्वर की उपासना करनेवाले भक्त कवियों के भी दो विभाग हैं – रामभक्त और कृष्णभक्त। तुलसी रामभक्त थे तो सूर कृष्णभक्त थे।

5) **निर्गुण भक्ति काव्य(संत काव्य) की प्रमुख विशेषताएँ क्या- क्या हैं?**

1. **निर्गुण ब्रह्म की उपासना**
2. **बहुदेववाद(अवतारवाद) का विरोध या अद्वैतवाद**
3. **संसार की नश्वरता का वर्णन**
4. **माया का विरोध**
5. **सद्गुरू का महत्व**

6. **जाति-पांत, ऊँच-नीच का विरोध**
7. **धार्मिक बाह्याडम्बरों और कर्मकाण्डों का निषेध**
8. **प्रेमप्रधान मानसिक भक्ति का वर्णन**
9. **रहस्यवादी भावना की अभिव्यक्ति**
10. **नामकरण, आत्मनिवेदन की अभिव्यक्ति**
11. **श्रृंगार और विरह भावना की अभिव्यक्ति**
12. **सामाजिक समरसता और जनजागरण की चेतना**
13. **जनसामान्य की सधुक्कडी भाषा का प्रयोग**
14. **दोहा, पद, मुक्तक आदि काव्य रूपों का प्रयोग।**

6) **संत परंपरा के प्रमुख कवि कौन-कौन हैं?**

<u>नामदेव</u> - नामदेव को संत परंपरा के प्रवर्तक कवि का श्रेय दिया जाता है क्योंकि कबीर के पहले विट्ठल संप्रदाय में निर्गुण उपासना चलती थी और कबीर के पहले नामदेव ने हिन्दी में निर्गुण उपासना से संबन्धित कई बातें लिखी हैं। 'आदि ग्रंथ' उनके द्वारा रचे गये पदों का संकलन है।

<u>कबीरदास</u> - निर्गुण संत कवि कबीर की प्रतिष्ठा एक महान समन्वयकारी विचारक एवं प्रतिभाशाली कवि के रूप में हैं। वे रामानन्द के शिष्य और सिकन्दर लोदी के समकालीन थे। मध्ययुग के अन्य अनेक भक्त कवियों के समान कबीर का जीवन वृत्त भी अंधकारमय है। कबीर का महत्व इसमें है कि एक युगद्रष्टा और तत्वदर्शी कवि के रूप में स्वानुभूति पर आधारित प्रेम-प्रधान भक्ति को सर्वसाधारण के लिए जनभाषा में प्रस्तुत किया। साथ ही सामाजिक दृष्टि से धर्म, सम्प्रदाय, जाति, ऊँच-नीच का खण्डन कर सामाजिक समरसता केलिए जन-जागरण का कार्य किया। कबीर एकेश्वरवादी है। किन्तु उनका एकेश्वरवाद मुस्लिम एकेश्वरवाद से भिन्न है। कबीर द्वारा प्रतिपादित ईश्वर व्यापक है, वह समस्त संसार में रम रहा है। कबीर ने भक्ति और प्रेम के सहारे ब्रह्म से तादात्म्य करना चाहा है और वही शुद्ध भावनात्मक रहस्यवाद की सृष्टि हो जाती है। नाथ पंथियों के समान कबीर ने इन्द्रिय साधना, प्राणसाधना और मन साधना पर भी बल दिया है। कबीर ने हिन्दु और मुसलमानों की साधना की जटिल क्रियाओं, आडम्बरों, अन्धविश्वासों और रूढ़ियों का कडा विरोध किया। 'बीजक' कबीर की प्रामाणिक रचना मानी गयी है। इसमें कबीर के उपदेशों का, उनके शिष्यों द्वारा संकलन है। बीजक के तीन भाग हैं – साखी, सबद, रमैनी।

<u>रैदास</u>– काशी में जन्मे रैदास का संत कवियों में सम्माननीय स्थान है। रैदास रामानन्द के शिष्य परंपरा में थे। कबीर में ओज, अक्खडता और प्रखरता थी तो रैदास शान्ति, संयम और विनम्रता के प्रतीक थे। वे जाति के चमार थे। रैदास का प्रभाव राजस्थान में अधिक है। मीराबाई ने भी गुरू के रूप में रैदास का उल्लेख किया है। उनकी भाषा ब्रज है जिसमें अवधी, राजस्थानी, खडीबोली और उर्दू-फारसी शब्दों का मिश्रण हैं।

<u>नामदेव</u>– सिख-धर्म के प्रवर्तक नामदेव का जन्म 1469ई में पंजाब के तलवंडी में हुआ था। नानक के काव्य में कबीर के समान ही गुरु महिमा, जाति पांत का विरोध, एकेश्वर वाद, सत्य, अहिंसा और स्वानुभूति पर बल दिया गया है। नानक की रचनाएँ 'गुरुग्रन्थ साहिब' में संकलित है। गुरु नानक की वाणी में एक अद्भुत प्रेरणादायिनी शक्ति है जो किसी अन्य मध्ययुगीन संत की वाणी में अनुपलब्ध है।

<u>दादूदयाल</u>– दादू पंथ के प्रवर्तक संत दादूदयाल का जन्म 1544ई में अहमदाबाद में हुआ था। कबीर उनके आदर्श थे। ये स्वभाव से बडे दयालू थे, अतः दादू दयाल कहलाये। इन्होंने ब्रह्म या परब्रह्म नाम का कोई

सम्प्रदाय चलाया जो दादू सम्प्रदाय के नाम से प्रसिद्ध है। 'हरेडबाणी' के नाम से उनकी रचनाओं का संग्रह प्रसिद्ध है। दादू की रचनाओं की संख्या बीस हज़ार कही जाती है।

संत काव्य धारा के अन्य कवियों में सुन्दरदास(1596**ई**), **मलूकदास**(1574**ई**), **दयाबाई**(1683**ई**), **सहजोबाई**(1683**ई**) **आदि उल्लेखनीय हैं।**

7) **"कबीर हिन्दी के रहस्यवादी कवि है" समर्थन कीजिए**?

कबीरहिन्दी साहित्य के आदि रहस्यवादी कवि माने जाते हैं। रहस्यवाद ब्रह्म से आत्मा के तादात्म्य का प्रकाशन है। रहस्यवाद की दो अवस्थाएँ हैं – 1) **भावात्मक रहस्यवाद** 2) **साधनात्मक रहस्यवाद। कबीर में रहस्यवाद के दोनों रूपों के दर्शन होते हैं। प्रथम अवस्था में परमात्मा की दिव्यज्योति के दर्शन से आत्मा आकर्षित होती है। कबीर अपने प्रियतम के अलौकिक सौन्दर्य पर मुग्ध है। द्वितीय अवस्था में परमात्मा से मिलने की आतुरता प्रकट की जाती है। कबीर ने मिलन की आतुरता का जिस कलात्मकता से और विरह वेदना का जिस मार्मिकता से वर्णन किया है, वह हिन्दी साहित्य में दुर्लभ है। उदा** –

"आँखडियां झाई पडी, पंथ निहारी निहारी,
जीभडियाँ छाल पड्या राम पुकारी पुकारी।"

कबीर के रहस्यवाद में आत्मा और परमात्मा का ऐक्य भी है। उदा –

"लाली मेरे लाल की जित देखूँ तित लाल
लाली देखन मैं गयी मैं भी हो गई लाल।"

कबीर के रहस्यवाद पर शंकर के अद्वैतवाद का भी प्रभाव है।

UNIT - 4

हिन्दी सूफी काव्य या प्रेमाख्यानक काव्य

1. **सूफी या प्रेमाख्यानक काव्य से क्या तात्पर्य है**?

हिन्दी सूफी काव्य-धारा निर्गुण भक्ति काव्य की प्रमुख काव्य धारा है। जिसे प्रेमाख्यान काव्य, प्रेममार्गी शाखा, प्रेम काव्य भी कहते हैं। इसका वैचारिक आधार सूफी दर्शन है। सूफियों ने भारतीय कथाओं पर आधारित लौकिक प्रेम कथाओं द्वारा अलौकिक प्रेम का आभास दिया है। ये लौकिक प्रेम कथाएँ कल्पित भी है और ऐतिहासिक भी। सूफी काव्य वैचारिक दृष्टि से सूफी दर्शन से प्रभावित होते हुए भी पूर्ण रूप से भारतीय परंपरा के काव्य है।

2. **हिन्दी सूफी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ क्या-क्या हैं**?
    1) **प्रेम तत्व की प्रधानता**
    2) **लौकिक प्रेम कथाओं का आधार**
    3) **लौकिक प्रेम द्वारा अलौकिक प्रेम की व्यंजना**
    4) **प्रकृति का विस्तृत वर्णन**
    5) **नायिका के सौन्दर्य वर्णन में नखशिख वर्णन**
    6) **प्रबन्धात्मक काव्य रूप**

7) **श्रृंगार के संयोग-वियोग पक्ष का विस्तार से अंकन**
8) **अवधी भाषा का प्रयोग**
9) **इतिवृत्तात्मक काव्य शैली का प्रयोग**
10) **चरित्र-चित्रण में मानव और मानवेतर –दो प्रकार के चरित्रों की सृष्टि है।**

3. **हिन्दी के प्रमुख सूफी कवि और काव्य का परिचय दीजिए?**

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से सूफी काव्य प्रवृत्ति के सर्वप्रथम कवि के रूप में मुल्ला दाऊद का नाम आता है। उनका 'चन्दायन'(1379ई.) सूफी काव्य धारा का प्रथम काव्य है। यह नायक लोरिक और चंदा के प्रणय पर आधारित प्रेमकथा है। चान्दायन नायिका प्रधान काव्य है।

कुतुबन–कुतुबन सोलहवीं शताब्दी के हैं। कुतुबन की 'मृगावती' हिन्दी की एक महत्वपूर्ण रचना है। इसमें चंदगिरी के राजा गणपतदेव के कुमार राजकुंवर तथा मृगावती की कथा को प्रस्तुत किया गया है।

मंझन– मंझनकृत 'मधुमालती' में कनेसर के राजा के पुत्र मनोहर और महासागर की राजकुमारी मधुमालती की प्रेम कहानी है। अन्य प्रेमाख्यानों के समान इसमें भी नायक के योगी वेश में आने, किसी सुन्दरी को बचाने आदि रूढ़ियों का निर्वाह हुआ है।

उसमान–'चित्रावली' की रचना उसमान ने 1623ई. में की। इसमें नेपाल नरेश के पुत्र सुजान और रूपनगर की राजकुमारी चित्रावली की प्रेम कहानी है।

जानकवि– सर्वाधिक प्रेमकाव्य लिखने का श्रेय जानकवि को है। उनका वास्तविक नाम न्यामत रवां था। उन्होंने भारतीय प्रेम कथाओं के साथ फारसी प्रेमकथाओं की ओर भी ध्यान दिया है।

मल्लिक मुहम्मद जायसी– प्रेमाश्रयी शाखा के सबसे विख्यात कवि जायसी है। 'पद्मावत' उनका महाकाव्य है। इसके अतिरिक्त जायसी ने 'अखरावट', 'आखिरी कलाम', 'चित्रलेखा', 'कहरानामा' और 'मसलानामा' आदि रचनाएँ लिखीं। जायसी की कीर्ति का मुख्य कारण उनका पद्मावत है। इसमें जायसी ने सिंहलद्वीप के राजा गन्धर्वसेन की पुत्री पद्मावती और चितौड के राजा रत्नसेन की प्रेमकथा प्रस्तुत की है। पद्मावती अत्यंत सुन्दरी थी और उसके योग्य वर कहीं न मिलता था। उसके पास हीरामन एक तोता था। रत्नसेन ने इस तोते के मूँह से पद्मावती के सौन्दर्य का वर्णन सुना। उसने पद्मावती से मिलने केलिए निकल पडा और गन्धर्वसेन को पराजित कर पद्मावती से शादी की। दिल्ली के बादशाह अलाउद्दीन पद्मावती के सौन्दर्य के बारे में सुनकर मुग्ध होकर चितौड पर चढ़ाई करता है। हर वक्त जीत रत्नसेन की होती है। लेकिन उसने धोखा देकर रत्नसेन को बन्दी बनाया और दिल्ली पहूँचाया तो पद्मावती आकर कूटनीतिक चाल से रत्नसेन को मुक्त कराती है। अन्त में कुंभलनेर के राजा से युद्ध करते हुए रत्नसेन की मृत्यु हुई और दोनों रानियाँ पति के साथ सती हो जाती है।

यह एक श्रेष्ठ प्रेमाख्यानक काव्य है जिसमें खण्डकाव्य के सभी गुण विद्यमान है। इसमें जीवन के विभिन्न पक्षों का विस्तृत वर्णन है। इसमें जायसी का विरह वर्णन अत्यन्त श्रेष्ठ है। इसमें श्रृंगार रस की प्रधानता है। श्रृंगार के संयोग और वियोग दोनों पक्षों का मर्मस्पर्शी चित्रण इसमें मिलता है। पद्मावत को

प्रतीकात्मक महाकाव्य भी कहा जाता है, क्योंकि उसके सभी पात्र दार्शनिक तत्वों के प्रतीक हैं। रत्नसेन - आत्मा, पद्मावती - परमात्मा, हीरामन तोता – गुरु और अलाउद्दीन – शैतान के प्रतीक हैं। पद्मावत भारत के ही नहीं विश्व के महाकाव्यों में एक है।

UNIT - 5

सगुण भक्ति काव्य और रामभक्ति शाखा

1) **सगुण भक्ति काव्य क्या है?**
   सगुण भक्ति में ईश्वर या परमात्मा के साकार रूप की उपासना होती है। इसपर आधारित काव्य को सगुण भक्ति काव्य कहते हैं।
2) **सगुण भक्ति काव्य की शाखाएँ क्या-क्या हैं?**
   सगुण भक्ति काव्य की दो शाखाएँ हैं – रामभक्ति शाखा और कृष्णभक्ति शाखा। रामभक्ति शाखा में अवतार-पुरुष राम को उपास्य देव स्वीकार कर रचना की गयी है तो कृष्णभक्ति शाखा में कृष्ण के लोकरंजक रूप को उपास्य देव स्वीकार कर रचना की गयी है।
3) **रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि और रचनाएँ क्या-क्या है?**
   <u>स्वामी दयानन्द</u>– उत्तर भारत में रामभक्ति के आचार्य के रूप में स्वामी दयानन्द आते हैं। राम के लोकरक्षक रूप की उपासना करने का श्रेय स्वामी दयानन्द को है। 'वैष्णव मताब्द भास्कर' और 'श्री रामार्जुन पद्धति' इनके विख्यात ग्रन्थ हैं।
   <u>अग्रदास</u>– ये रामानन्द शिष्य परंपरा में प्रमुख थे। रामभक्ति शाखा में रसिक भावना का समावेश इन्होंने किया। 'रामभजन मंजरी', 'अष्टयाम' आदि इनकी रचनाएँ हैं।
   <u>नाभादास</u>– ये तुलसीदास के समकालीन और अग्रदास के मुख्य शिष्य थे। भक्तमाल, रामाष्टयाम आदि इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।

ईश्वरदास– इनकी प्रमुख रचनाएँ 'भरत विलाप' और 'अंगदपैज' हैं।

तुलसीदास– इस परंपरा के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं। 'रामचरित मानस' इनके सर्वश्रेष्ठ कृति है।

4) **"तुलसीदास रामभक्ति शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि है"– समर्थन कीजिए ?**

रामभक्ति शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि के रूप में तुलसीदास के नाम ही आते हैं। उनकी प्रतिभा सर्वतोन्मुखी थी। उनकी कृतियों में जीवन का सर्वांगपूर्ण चित्रण सरल और अकृत्रिम रूप में प्रस्तुत है। उनकी रचनाओं में विराट समन्वय की भावना है जो दार्शनिक, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा साहित्यिक तौर पर बाँट सकते हैं। उनके समय में काव्य भाषा के दो रूप प्रचलित थे। उन्होंने दोनों ब्रज और अवधी दोनों भाषाओं में काव्य सृष्टि की। साथ-साथ मुक्तक और प्रबन्ध दोनों रूपों में उन्होंने काव्य रचना की। उनके समय के पाँचों शैलियों- छप्पय पद्धति, गीत पद्धति, कवित्त-रवैया पद्धति, दोहा पद्धति, प्रबन्ध पद्धति का भी प्रयोग किया है। द्वैत और अद्वैत वादों का मिश्रण तुलसीदास के राम में मिलेंगे। सगुण और निर्णन मतवालों के बीच जो झगडा चल रहा था, उन लोगों को ऐसा एक राम का रूप देने से तुलसीदास दोनों के बीच समन्वय लाने में एक हद तक सफल रहे। दार्शनिक क्षेत्र में द्वैत और अद्वैत का समन्वय करने पर सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र में ज्ञान और भक्ति के समन्वय की रास्ता भी खुल गयी। ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग का समन्वय करके निर्गुण और सगुण में एकता स्थापित कर, शिव और विष्णु को सम स्थान देकर तथा अन्य मतावलंबियों को उदारता की दृष्टि से देखकर उन्होंने अपने समय की धार्मिक समस्या को हल किया। भक्ति के क्षेत्र में भेद भाव समाप्त करने केलिए 'रामचरितमानस' में राम और अन्य देवताओं का संबन्ध स्पष्ट किया है। तुलसी ने सामाजिक समन्वय की साधना में एक आदर्श समाज की प्रतिष्ठा की है जिसमें समाज के भिन्न भिन्न अंग अपने वर्ण और आश्रम की मर्यादा का पालन करते हुए लोकहित की सामान्य साधना में रत रहते हैं। तुलसी निर्विवाद रूप से हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ कवि है। डॉ. माताप्रसाद गुप्त ने ठीक ही कहा है कि – हिन्दी रामभक्ति धारा में अनेक कवि हुए, किन्तु रामभक्ति धारा का साहित्यिक महत्व अकेले तुलसीदास के कारण हैं।

5) **तुलसीदास के प्रमुख ग्रन्थ और उनकी विशेषताएँ लिखिए?**

तुलसीदास के बारह प्रमुख ग्रन्थ हैं-

1) **रामलला नहछू– यह तुलसी की प्ररंभिक रचना है। अवधी में लिखी यह रचना काव्य शैली की दृष्टि से कमज़ोर है। किन्तु लोक काव्य परंपरा के अधिक निकट है जिसमें नेग पानेवाली स्त्रियों के हाव-भाव और कटाक्ष का वर्णन है।**

2) **रामाज्ञा प्रश्न– यह शुभ-अशुभ फल विचार से संबन्धित रचना है। इसके साथ राम कथा के प्रसंग भी है। प्ररंभिक रचना है।**

3) **जानकीमंगल– इसमें राम-सीता के विवाह का विस्तार से वर्णन किया गया है। यह स्त्रोत शैली में लिखा गया खण्ड काव्य है।**

4) **रामचरितमानस– तुलसीदास की समन्वय भावना का मुख्य आधार 'रामचरितमानस' है जिसमें उन्होंने राम और शिव दोनों को एक दूसरे का भक्त दिखाकर वैष्णव और शैव सम्प्रदाय को एक भावभूमि पर प्रतिष्ठित किया है।**

5) **पार्वतीमंगल– यह एक मंगल काव्य है जिसमें पार्वती के जन्म से शिव से विवाह तक की कथा है और यह एक खण्डकाव्य है।**

6) **जानकीमंगल– इसमें राम-जानकी के विवाह का सुन्दर चित्रण है और यह भी एक सुन्दर खण्डकाव्य है।**

7) **गीतावली**– **इसमें रामचरितमानस की तरह सात काण्ड हैं, जिसमें राम के जीवन के मुख्य प्रसंगों का वर्णन है।**

8) **कृष्णगीतावली**– **इसमें कृष्ण की बाललीला से लेकर उद्धव-संवाद तक के कथा प्रसंगों का गीत विधा में वर्णन किया गया है।**

9) **विनयपत्रिका**– **रामचरितमानस के बाद तुलसी की रचनाओँ में 'विनयपत्रिका' का विशिष्ट महत्व है। इसमें भक्ति विनय के** 279 **छन्द हैं। भाषा साहित्यिक ब्रज है।**

10) **बरवै रामायण** – **इसे संक्षिप्त रामायण कहा जाता है। इसमें जिस उन्मुक्त भाव से सीता के सौन्दर्य का वर्णन किया गया है, उसे देखकर कुछ लोग इसे तुलसी की रचना न मानते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि तुलसी ने यह रचना मुख्यतः अलंकार कौशल के प्रदर्शन के उद्देश्य से लिखी है।**

11) **दोहावली** – **अवधी भाषा की यह रचना तुलसी का संकलन माना जा सकता है, स्वतंत्र रचना नहीं।**

12) **कवितावली**– **तुलसी के आत्म चरित वर्णन की दृष्टि से यह एक प्रामाणिक रचना है, जिसमें तुलसी ने अपने समय के अकाल, महामारी और शारीरिक पीडा के साथ निजी जीवन के अनुभवों का वर्णन किया है।**

UNIT – 6

सगुणभक्ति काव्य – कृष्ण भक्ति शाखा

1) **कृष्ण भक्ति शाखा के बारे में आप क्या जानते हैं?**

हिन्दी साहित्य के मध्यकाल के अंतिम चरण में कृष्ण भक्ति साहित्य का विकास हुआ। निर्गुण पंथी कठोर साधना रीतियाँ आम लोगों को आसान नहीं लगा। इसलिए भारतीय पुराण और इतिहास में सर्वाधिक वर्णित श्रीकृष्ण की ओर लोग आकृष्ट हुए। इस शाखा के कवियों ने कृष्ण के लोकरंजक रूप को लेकर हिन्दी में सुन्दर काव्य लिखे। आचार्य वल्लभ के सूरदास जैसे आठ शिष्यों द्वारा कृष्ण भक्ति का बहुत अधिक प्रचार हुआ। उनकी कृतियाँ कृष्ण भक्ति साहित्य के रूप में प्रसिद्ध हुई। हिन्दी साहित्य में कृष्ण भक्ति का आन्दोलन चलाने का श्रेय वल्लभाचार्य को है। कृष्ण भक्ति साहित्य में कृष्ण प्रेम ही मुख्य विषय है।

2) **मध्यकाल में प्रचलित विभिन्न प्रमुख संप्रदाय कौन- कौन से हैं?**

मध्यकाल में स्वामी रामानुज 'विशिष्टाद्वैत' के आधार पर लोगों को आध्यात्मिक साधना का उपदेश देते थे। उन्होंने 'श्री सम्प्रदाय' का प्रवर्तन किया। रामानन्द ने 'रामानन्दी सम्प्रदाय' के रूप में भक्ति का उदार रूप दिखाया। 'पुष्टिमार्ग' के प्रवर्तक वल्लभाचार्य 'शुद्धाद्वैतवाद' पर आधारित सिद्धान्तों का प्रचार कर रहे थे। बंगाल के महान आचार्य चैतन्य महाप्रभु वल्लभ के समकालीन थे। उन्होंने वैष्णव भक्ति को बंगाल में प्रचार किया। स्वामी हितहरिवंशजी ने 'राधावल्लभी संप्रदाय' का प्रवर्तन किया। इसमें कृष्ण की अपेक्षा राधा की पूजा और भक्ति महत्वपूर्ण है। स्वामी हरिदासी ने 'हरिदासी' अथवा 'सखी संप्रदाय' के द्वारा भक्ति का प्रचार किया। वे राधा और कृष्ण की उपासना करते थे। विष्णु गोस्वामी ने 'विष्णु संप्रदाय' चलाया जो कृष्ण भक्ति पर आधारित है। निंबार्क आचार्र का 'निंबार्क संप्रदाय' और माध्वाचार्य का 'माध्व संप्रदाय' भी कृष्ण भक्ति पर

आधारित है। इन सभी का आरंभ रामानुजाचार्य से हुआ था जिन्होंने विष्णु या नारायण की भक्ति पर बल दिया।

3) **पुष्टि मार्ग क्या है?**

कृष्ण भक्ति का हिन्दी साहित्य में जो रूप मिलता है, वह शुद्धाद्वैतवाद पर आधारित है। आचार्य वल्लभ का दर्शन शुद्धाद्वैतवाद है। दर्शन के क्षेत्र में जो शुद्धाद्वैत है, वही साधना के क्षेत्र में पुष्टिमार्ग है। यही कृष्ण भक्ति का दार्शनिक आधार है। शुद्धाद्वैत में यह माना जाता है कि जगत सत्य है। जीव और जगत भी ब्रह्म का अंश होने के कारण सत्य है। साधना के द्वारा जीव को आनन्द प्राप्त होता है। पुष्टि का अर्थ है अनुग्रह। पुष्टिमार्ग में भगवान की कृपा पर सबसे अधिक महत्व दिया जाता है। पुष्टिमार्ग में तीन प्रकार के जीव माने जाते हैं – पुष्टि जीव, मर्यादा-जीव और प्रवाह-जीव। इनमें सबसे प्रमुख पुष्टि जीव हैं क्योंकि भगवान की कृपा पाकर वे उसके साथ नित्य लीला करते हैं। पुष्टिमार्गियों के विचार में श्रीकृष्ण ब्रह्म है। वे अपने भक्तों के साथ लीला किया करते हैं। पुष्टिमार्ग की भक्ति प्रेम लक्षणा भक्ति है।

4) **अष्टछाप किसे कहते हैं?**

पुष्टिमार्ग के साम्प्रदायिक विचार और अनुभूतियाँ हिन्दी के कुछ कवियों की कृतियों में मिलती हैं। इनको 'अष्टछाप' कहते हैं। महाप्रभु वल्लभाचार्य के पुत्र विट्ठलनाथ ने अष्टछाप की स्थापना की थी।उन्होंने वल्लभ की मृत्यु के बाद उनके चार शिष्यों और अपने चार शिष्यों को मिलाकर भक्तों की मण्डली बनायी। यह अष्टछाप के नाम से प्रसिद्ध है। इनमें आठ कवि हैं – कुंभनदास, सूरदास, कृष्णदास, परमानन्ददास, नन्ददास, चतुर्भुजदास, गोविन्दस्वामी, छीतस्वामी आदि।

5) **कृष्ण भक्ति कवियों की प्रमुख रचनाएँ क्या-क्या हैं?**

1) **सूरदास – सूरसागर, साहित्यलहरी, सूरसारावली।**
2) **कुंभनदास – रागकल्प्दुम, रागरत्नाकर।**
3) **कृष्णदास – फुटकर पदसंग्रह।**
4) **परमानन्ददास – परमानन्दसागर, दानलीला, ध्रुवचरित।**
5) **नन्ददास – अनेकार्थमंजरी, रूपमंजरी, रसमंजरी, विरहमंजरी, रुक्मणी मंगल, भँवरगीत, सुदामाचरित, रासपंचाध्यायी, सिद्धान्त पंचाध्यायी।**
6) **चतुर्भुजदास – चतुर्भुजकीर्तन संग्रह, कीर्तनावली, दानलीला।**
7) **गोविन्दस्वामी – गोविन्द स्वामी के पद।**
8) **छीतस्वामी – 200 पदों का संकलन**

6) **"सूरदास कृष्णभक्तिशाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि है"– समर्थन कीजिए?**

कृष्ण भक्त कवियों में सूरदास का स्थान सर्वोच्च है। वे वल्लभाचार्य के परम शिष्य और अष्टछाप के सर्वोच्च कवि है। सूरदास के अनेक रचनाओं में 'सूरसागर' ही उनकी प्रसिद्धि का मुख्य आधार है। इसकी रचना भागवत के बारहवें स्कन्ध के आधार पर हुई है। सूरसागर गेय मुक्तक काव्य है। उसकी पद रचना अत्यंत प्रौढ़ और अनुशासित है। सूर की काव्य कला और काव्य संवेदना का उत्कर्ष सूरसागर के पूर्वार्द्ध भाग में कृष्ण की

बालरूप वर्णन, मुरली स्तुति, राधा मिलन, कृष्ण विवाह, भ्रमरगीत आदि प्रसंगों में देखा जा सकता है। कृष्ण की बाल लीला वर्णन में सूर वात्सल्य के सम्राट कहे गए है। बाल मनोविज्ञान का कोई पक्ष उनके अन्तचक्षु से अनदेखा नहीं है। इसीप्रकार श्रीकृष्ण का सौन्दर्य वर्णन भी अद्‌वितीय है। सूरसागर में पुष्टिमार्गीय भक्ति को ही ग्रहण किया है। सूरसागर की भाषा ब्रज है जो माधुर्य गुण से ओत-प्रोत है। ब्रजभाषा को साहित्यिक गरिमा प्रधान करने का श्रेय सूर को ही जाता है। रस की दृष्टि से सूरसागर में मुख्यतः तीन रस हैं – शान्त, श्रृंगार और वात्सल्य। इसमें वात्सल्य रस का विस्तृत वर्णन है। गुलाबराय ने कहा है –"सूर का वात्सल्य रस-वर्णन बाल मनोविज्ञान का माथुर्यपूर्ण अध्ययन है। श्रृंगार के समस्त पश्रों का वर्णन सूरदास ने किया है। संयोग के पदों में श्रृंगार की मादकता है। वियोग के भीतर तीन दशाओं का स्पर्श किया है – मान, प्रवास और करुणात्मक स्थिति। प्रवास की स्थिति भ्रमरगीत में वर्णित है। यह सूर की मौलिक प्रतिभा का दृष्टान्त है।"

UNIT 7

®úÒÊiÉEòÉ±É

1. ®úÒÊiÉEòÉ±É EòÒ Ê´ÉÊ¦ÉxxÉ {ÉÊ®úÎºlÉÊiÉªÉÉÄ Eèò°ÉÒ lÉÒ?

®úÒÊiÉEòÉ±É EòÒ º¨ÉªÉ º¨ÉÒ¨ÉÉ ¨ÉÉä]äõ iÉÉè®ú {É®ú ¶ÉÉ½þVÉ½þÉÄ Eäò ´Éè¦É´É{ÉÚhÉÇ ¶ÉÉºÉxÉ EòÒ º¨ÉÉÎ{iÉ +Éè®ú +Éè®ÆúMÉVÉä¤É Eäò |É¦ÉÉ´É{ÉÚhÉÇ ¶ÉÉºÉxÉ Eäò +É®Æú¦É ºÉä ±ÉäEò®ú |ÉlÉ¨É º´ÉÉvÉÒxÉiÉÉºÉÆOÉÉ¨É iÉEò ¨ÉÉxÉÒ VÉÉiÉÒ ½èþ ®úÉVÉxÉÒÊiÉEò oùÎ¹]õ ºÉä ®úÒÊiÉEòÉ±É ¨ÉÖMÉ±ÉÉå Eäò ¶ÉÉºÉxÉ ´Éè¦É´É Eäò SÉ®ú¨ÉÉäiEò¹ÉÇ Eäò ºÉÉlÉ ½þÒ =kÉ®úÉäkÉ®ú ¿þÉºÉ +Éè®ú {ÉiÉxÉ EòÉ EòÉ±É ½èþ* ¶ÉúÉ½þVÉ½þÉÄ Eäò ¶ÉÉºÉxÉ ¨Éå ¨ÉÖMÉ±É ´Éè¦É´É +{ÉxÉÒ SÉ®ú¨Éþ ºÉÒ¨ÉÉ {É®ú lÉÉ* iÉÉVÉ¨É½þ±É +Éè®ú ¨ÉªÉÚ®ú ËºÉ½þÉºÉxÉ ¤ÉxÉ SÉÖEòÉ lÉÉ* ¶ÉÉ½þVÉ½þÉÄ Eäò ¤ÉÉnù ºÉkÉÉ ºÉÆPÉ¹ÉÇ ºÉä +¶ÉÉÎxiÉ EòÉ nùÉè®ú ¶ÉÖ¯û ½Öþ+É* +ÆOÉäWÉÉå Eäò VÉ¨ÉxÉä Eäò ¤ÉÉnù

¨ÉÖMÉ±É ¶ÉÉºÉxÉ EòÉ±É Ê´É±ÉÉºÉ EòÉ +xiÉ ½þÉä MÉªÉÉ*

ºÉÉ¨ÉÉÊVÉEò oùÎ¹]õ ºÉä ®úÒÊiÉEòÉ±É EòÉä PÉÉä®ú +vÉ:{ÉiÉxÉ EòÉ ªÉÖMÉ Eò½þÉ VÉÉiÉÉ ½èþ* ºÉÉ¨ÉxiÉ´ÉÉnùÒ |É¦ÉÉ´É SÉÉ®úÉå +Éè®ú lÉÉ* ¤ÉÉnù¶ÉÉ½þ, +¨ÉÒ®ú +Éè®ú ºÉÉ¨ÉxiÉÉå EòÉä JÉÖ¶É Eò®úxÉä EäòÊ±ÉB ºÉä`ö-ºÉÉ½þEòÉ®ú, ´ªÉÉ{ÉÉ®úÒ, ¸ÉÊ¨ÉEò-ÊEòºÉÉxÉ +ÉÊnù EòÉ ¶ÉÉä¹ÉhÉ Eò®úiÉä lÉä* +EòÉ±É +Éè®ú nÖÌ¦ÉIÉ ¨Éå ¦ÉÒ +É¨É VÉxÉiÉÉ ½þÒ jÉºiÉ ½þÉäiÉÒ lÉÒ* xÉÉ®úÒ Eäò |ÉÊiÉ ¦ÉÉäMÉ-Ê´É±ÉÉºÉ EòÒ oùÊ¹]õ |ÉvÉÉxÉ lÉÒ* EÖò±ÉÉ-Ê¨É±ÉÉÉEò®ú ºÉ¨ÉÉVÉ ¨Éå ¦ÉÉäMÉ-Ê´É±ÉÉºÉ EòÒ |É´ÉÞÊkÉ ¨ÉÖJªÉ lÉÒ*

®úÒÊiÉEòÉÊ±ÉxÉ ºÉ¨ÉªÉ ºÉÆºEÞòÊiÉ +Éè®ú ºÉ¦ªÉiÉÉ EòÒ oùÎ¹]õõ ºÉä ¿þÉºÉ EòÉ ªÉÖMÉ ½èþ* xÉèÊiÉEò ¤ÉxvÉxÉ føÒ±Éä {Éb÷ SÉÖEäò lÉä +Éè®ú +xÉÖÊnùxÉ ¤ÉÉèÊrùEò ¿þÉºÉ ½þÉä ®ú½þÉ lÉÉ* <ºÉ ªÉÖMÉ ¨Éå +xvÉÊ´É¶´ÉÉºÉÉå ¯ûÊføªÉÉä +Éè®ú ¤ÉÉÁÉb÷¦¤É®úÉå xÉä vÉ¨ÉÇ EòÉ ºlÉÉxÉ OÉ½þhÉ ÊEòªÉÉ lÉÉ* ºÉÉÆºEÞòÊiÉEò oùÎ¹]õ ºÉä ªÉ½þ ªÉÖMÉ {ÉªÉÉÇ{iÉ ºÉ¨ÉÖrù lÉÉ CªÉÉåÊEò ºÉÉÊ½þiªÉ +Éè®ú Ê´ÉÊ´ÉvÉ Eò±ÉÉ+Éå EòÉä ®úÉVÉÉä+Éå EòÉ ºÉÆ®úIÉhÉ |ÉÉ{iÉ lÉÉ* ºÉ©ÉÉ]õ +Éè®ú ®úÉévéé º´ÉªÉÆ ¦ÉÒ ºÉÉÊ½þiªÉ-Eò±ÉÉ |Éä¨ÉÒ lÉä*

2. ®úÒÊiÉEòÉ±É EòÒ |É¨ÉÖJÉ |É´ÉÞÊkÉªÉÉÄ CªÉÉ CªÉÉ ½èþ?

(1)®úÒÊiÉÊxÉ°ü{ÉhÉ

